# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.05.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित गणमान्यों का कहना है कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की राह में अग्रसर है।
- राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक–लोकन को 'यूनेस्को के विश्व एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय अनुस्मरण रजिस्टर' में शामिल किया गया है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कल डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर का दौरा किया।
- हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य शंकर मंडल को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने अनिश्चितकाल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है।
- शहीद द्वीप के प्रगतिशील कृषक चिंताहरण बिश्वास को चिंता मैंगो के नाम से उनके फसल का पंजीकरण कराने के लिए सम्मानित किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के पद्मश्री से सम्मानित गणमान्यों का कहना है कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की राह में अग्रसर है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष भेंट में वर्ष दो हजार ग्यारह में पद्मश्री से सम्मानित शांति तेरेसा लकड़ा, वर्ष दो हजार सोलह में पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल और इस वर्ष पद्मश्री से सम्मानित के. चेल्लामाल ने साक्षात्कार में कहा कि सरकार ने अंडमान निकोबार जैसे दूर–दराज के द्वीप में रहने वाले लोगों को पद्मश्री से सम्मानित कर यह सिद्ध किया है कि भारत के किसी भी कोने में लोग रहें, सरकार उनकी मेहनत, लगन और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर नजर रख रही है और ऐसे गुमनाम हीरो की भी पहचान कर उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान में से एक पद्मश्री से सम्मानित कर रही है। इन सभी का कहना है कि सरकार की ओर से जिस प्रकार विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है और जिस प्रकार की नीति अपनाई जा रही है, उससे वो दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा।

<><><><><><><><><><><>

राम चरित मानस, पंचतंत्र और सहृदयलोक–लोकन को 'यूनेस्को के विश्व एशिया–प्रशांत क्षेत्रीय अनुस्मरण रजिस्टर' में शामिल किया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने बताया है कि यह समावेशन भारत के लिए एक गौरव की बात है, जिससे देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत की पुष्टि होती है। यह वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों को और आगे ले जाने का प्रतीक है, जो हमारी साझा मानवता को आकार देने वाली विविध कथाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों को पहचानने और सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डालता है। इन साहित्यिक उत्कृष्ट कृतियों का सम्मान करके, समाज न केवल उनके रचनाकारों की रचनात्मक प्रतिभा के प्रति श्रद्धासुमन होता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि उनका गहन ज्ञान और कालजयी शिक्षाएं भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें और उनका ज्ञान बढ़ाती रहें।

<><><><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कल डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में मरीजों से मुलाकात की। उनकी चिंताओं को सुना और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। अस्पताल कर्मियों, चिकित्सा पेशेवर और प्रबंधन के साथ उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने मरीजों को समर्पित भावना से सेवाएं देने के लिए अस्पताल कर्मियों की सराहना की।

इस बीच, ज़िले में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। मायाबंदर तहसील के लखनऊ गांव से करीब पांच हजार वर्ग मीटर और खुदीरामपुर गांव से आठ हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

<><><><><><><><><><><>

हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य शंकर मंडल को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने अनिश्चितकाल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। हाल ही में मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में खुले रूप से पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के विरूद्ध वोट डालने के लिए उनके ऊपर कार्रवाई की गई है।

<><><><><><><><><><><>

पुलिस रेडियो मुख्यालय मरीन हिल में समीक्षा सम्मेलन कक्ष बनाया गया है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कल इसका उद्घाटन किया। इस आधुनिक हॉल में सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

इससे पुलिस की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले की बाल संरक्षण इकाई की ओर से स्थानिक पक्षी दिवस मनाया गया। विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैंप के दौरान उन्हें पक्षियों के विभिन्न प्रजातियों और उनके बारे में जानकारी दी गई। पहले दिन सेवा निकेतन में बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम में द्वीपों की जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई। अगले दिन बच्चों को चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान का दौरा कराया गया और करीब छब्बीस विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन कराया गया, जिनमें करीब छः स्थानिक पक्षी थे।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप के प्रगतिशील कृषक चिंताहरण बिश्वास को सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के प्रोडक्शन ऑफ प्लांट वराइटिस एंड फार्मर्स राईट्स अथोरिटी में चिंता मैंगो के नाम से उनके फसल का पंजीकरण कराने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक की हाल में पोर्ट ब्लेयर दौरे के दौरान चिंताहरण बिश्वास को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आई सी ए आर–क्यारी की ओर से चिंता मैंगों के लिए सहयोग प्रदान किया गया था और इस फल का वजन तीन सौ से चार सौ ग्राम तक होती है। खाने में स्वादिष्ट और कम मात्रा में फाइबरयुक्त इस फल की खासियत है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में इस वर्ष नौ और दस मार्च को फार्मासिस्ट ग्रेड–तीन के पद के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा ली गई थी। परीक्षा के प्रश्न पत्रों की उत्तर कीज़ प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल हुए थे, उनसे पोर्टल में जाकर उत्तर कीज़ की जांच करने को कहा गया है। विसंगतियां पाने पर दावे और आपत्तियां मेल के जरिए उम्मीदवारों के नाम और पंजीकरण नम्बर के साथ सत्रह मई की मध्य रात्रि बारह बजे तक जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बिल्लीग्राउंड बाज़ार में पिछले दिनों हुई अग्नि दुर्घटना के प्रभावितों के लिए अनुग्रह राशि जारी की गई है। मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त ने सोलह प्रभावितों के लिए चार लाख अस्सी हजार रूपये की राशि जारी की है।

**<><><><><><><>**

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से अनुसूचित जाति और ओ बी सी के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य इस वर्ग के उम्मीदवारों को बेहतर कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में शामिल हो सके और सरकारी, निजी क्षेत्रों में रोजगार पा सके या तकनीकी या पेशेवर उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका दाखिला हो सके। एस टी और ओ बी सी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना किसी भी स्रोत से आठ लाख रूपये या उससे कम है, वे निशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों के पास वैध आधार नम्बर और बैंक खाता होना जरूरी है। आवेदन करते समय यदि किसी विद्यार्थी के पास आधार नम्बर नहीं है, तो वे ई आई डी नम्बर जमा कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में भुगतान तभी जारी किया जाएगा, जब आवेदक के पास आधार नम्बर होगा और उन्हें यह भुगतान आधार सिडेड बैंक खाते में ही हो पाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए उम्मीदवारों को दिए गए पोर्टल पर सीधे आवेदन करना होगा। इस महीने की इक्कतीस तारीख आवेदन करने की अंतिम तिथि हैं।

**<><><><><><><>**